अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 1 सितंबर 2017

amarujala.com

PAGE NO 7 : TOP RIGHT

एसआरएमएस में नए सत्र का शुभारंभ

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के सभागार में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के 13वें बैच के छात्र/छात्राओं का 'ओरिएंटेशन कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति एवं प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, मेडिकल निदेशक डॉ. निर्मल यादव, प्राचार्य प्रो. डॉ. आरसी पुरोहित, डीन एकेडमिक (यूजी) डॉ. राहुल गोयल, डीन एकेडमिक (पीजी) डॉ. ललित सिंह एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके हांडा ने किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. आरसी पुरोहित ने सभी का स्वागत किया तथा नए छात्र एवं छात्राओं को बेहतर डॉक्टर साबित होने की शुभकामनाएं दीं। डीन एकेडमिक (पीजी) डॉ. ललित सिंह ने नए छात्र/छात्राओं को महर्षि चरक शपथ ग्रहण कराया। चेयरमैन देव मूर्ति, प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, मेडिकल निदेशक डॉ. निर्मल यादव ने विद्यार्थियों को लगन, मेहनत एवं पूर्ण निष्ठा से शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी।